अंग्रेजी और देशी शराब बनाने की फैक्ट्री पकड़ी, स्प्रिट से बनाई जा रही थी शराब

अलवर. भिवाड़ी में अलवर आबकारी विभाग की टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए औद्योगिक क्षेत्र में रीको चौक पर संचालित एक कंपनी में अवैध रूप से बनाई जा रही अंग्रेजी व देशी शराब का जखीरा पकड़ा है. फैक्ट्री में स्प्रिट से शराब बनाई जा रही थी. इसके साथ ही इसमें एक टेंपो व एक लग्जरी गाड़ी जब्त की गई है. आबकारी विभाग की टीम को फैक्ट्री से 10 हजार खाली प्लास्टिक के पव्वे मिले हैं. ड्रमों में भरी हुई 2600 लीटर शराब बरामद की गई है.

आबकारी विभाग के अलवर जिले में एईओ कुलभूषण मिश्रा ने बताया की भिवाड़ी में स्थित पंकज बॉटलिंग कंपनी में स्प्रीट से अवैध शराब बनाने की सूचना मिली. फैक्ट्री में बारदाना व सामान सप्लाई करने वाले लोगों के माध्यम से यह सूचना मिली. इस पर आबकारी विभाग की टीम ने शनिवार को फैक्ट्री में अचानक दबीश दी. EO व EPF जयपुर ग्रामीण ज्ञान प्रकाश मीना ने सूचना को पुख्ता किया. बोगस ग्राहक भेजकर पूरे मामले का पता लगाया. साथ ही शहर के कैपिटल गैलेरिया में स्थित कंपनी के गोदाम C 6 की रैकी की ओर पूरी जानकारी को पुख्ता किया.

आबकारी विभाग की टीम ने मौके पर ही एक टेंपो में रखे पांच ड्रमों में करीब एक हजार लीटर अंग्रेजी शराब भरी हुई जब्त की है. इसके अलावा शराब के करीब 10000 खाली पव्वे जब्त किए गए. छापेमारी की कार्रवाई को देखते ही कंपनी का मालिक

रामानन्द सैनी अपनी लक्जरी कार में भागने लगा, तो आबकारी की टीम ने उसे रोका और गाड़ी की जांच की गई. उसमें भी सैंपल दिखाने के लिए प्लास्टिक की बोतलों में अवैध रूप से भरी शराब मिली. इस पर कंपनी के मालिक रामानंद सैनी की कार को भी जब्त कर लिया गया है. इस पूरे मामले के मास्टरमाइंड रामानन्द की निशानदेही पर गोदाम पर भी कार्रवाई कर वहां से 13 ड्रम में भरी करीब 2600 लीटर अवैध रूप से तैयार की हुई शराब बरामद की गई है.

Source: https://www.etvbharat.com/hindi/rajasthan/state/alwar/excise-team-raid-on-illegal-liquor-factory-in-alwar-26000-liter-liquor-seized/rj20230603214618385385233